पंजाब केसरी
27-11-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज ने फारूखा खालसा स्कूल में किया ए.आई. आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम



फारूखा खालसा स्कूल में ए.आई. आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम को संबोधित करतीं जी.एम.एन. कॉलेज की प्राध्यापिका। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 26 नवम्बर (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज की टीम ने फारूखा खालसा स्कूल में ए.आई. आधारित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों और उनके व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराना था।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि बदलते समय में विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस जैसी आधुनिक तकनीकों की समझ बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए जी.एम.एन. कॉलेज स्कूली विद्यार्थियों को भी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए नियमित तौर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कम्प्यूटर एप्लीकेशंस के असिस्टैंट प्रोफैसर डॉ. गीता कौशिक और मैनेजमैंट के असिस्टैंट प्रोफैसर डॉ. दिशा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को ए.आई. की मूल अवधारणाओं, उसकी बढ़ती प्रासंगिकता और करियर संभावनाओं के बारे में सरल एवं उपयोगी जानकारी दी। इंटरएक्टिव सत्र ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान और समझ में महत्वपूर्ण वृद्धि की।